# दिनांक 08.04.2025 को जल जीवन मिशन कार्यक्रमान्तर्गत जनपद मथुरा की सतही जल स्त्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना (पैकेज–1 एवं 2) के सम्बन्ध में सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

उपरोक्त योजना के कार्य कार्यदायी फर्म मै0 एन0सी0सी0–एपको (जेवी) द्वारा कराये जा रहे हैं, योजना की प्रगति समीक्षा हेतु दिनांक 04.03.2025 को इस कार्यालय में सम्पन्न बैठक में उपस्थिति निम्नवत रही –

1. श्री राजेश कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
2. श्री दिनेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
3. श्री राजीव कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
4. श्री भूपेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
5. श्री राकेश कुमार शर्मा, जी0एम0 / पी0एम0 (पैकेज–2), एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
6. श्री अशोक ठाकुर, पी0एम0 पैकेज– I, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
7. श्री दिलीप शर्मा, डी0पी0एम0, मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर, मथुरा।
8. श्री मोहित सिंह जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, मेधज टैक्नो कॉन्सेप्ट, मथुरा।

योजनान्तर्गत कार्यों को ससमय, गुणवत्ता पूर्वक, नियमानुसार एवं सुनियोजित ढंग से पूर्ण करने हेतु माइक्रोप्लांनिंग व विभिन्न बिन्दुओं में निम्नानुसार विचार किया गया –

1. योजनान्तर्गत निर्माणाधीन अवर जलाशयों की प्रगति हेतु एक एक्सल शीट तैयार कर ली जाए, जिसमें अवर जलाशय के स्थिति फोटोवाइज एवं श्रमिकों की उपलब्धता दर्शायी जाय तथा उक्त शीट को साप्ताहिक रूप से अपडेट किया जाए।
2. फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि 55 स्थलों पर अवर जलाशय निर्माण में वाटर लॉगिंग की समस्या है, जिस पर निर्देश दिए गये कि जहां बारिश का पानी भरा है, पानी निकाल दिया जाए एवं सभी अवर जलाशयों पर एक समान रूप से कार्य चालू कराया जाए तथा फर्म के प्रोजेक्ट मैंनेजर को निर्देश दिए गये कि अवर जलाशय की प्रगति बढ़ाये जाने हेतु माइक्रोप्लानिंग तैयार कर ली जाए।
3. ग्रामीण उपभोक्ताओं हेतु दिए जा रहे घरेलू नल जल संयोजनों को मानक के अनुसार कराया जाए तथा कनैक्शनों में प्रयुक्त होने वाले एम0डी0पी0ई0 पाइप की गहराई ड्राइंग के अनुसार रखी जाए।
4. यदि किसी गांव में पैकेज–1 एवं पैकेज–2 का पाइप बिछाया जाना प्रस्तावित है, वहां संयुक्त रूप से भ्रमण कर पाइप बिछाये जाने का कार्य एक साथ कराया जाए, जिससे कि एक दूसरे के पाइप को क्षति पहुंचाने की सम्भावना न रहे।
5. जिन ग्रामों में पुराने जल स्त्रोत उपलब्ध हैं, वहां पर पाइप लाइन व नल जल संयोजन के समस्त कार्य पूर्ण कर लिए जाएं तथा ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए आम जनमानस को प्राथमिकता पर पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।
6. लोक निर्माण विभाग के स्वामित्व वाली काटी गई सड़कों को प्राथमिकता पर पूर्ण कर लिया जाए तथा प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों को भी ठीक कर संयुक्त रूप से विजिट कराकर बिन्दु को समाप्त किया जाए।
7. फ्रन्ट नं 1 पर बिछाई जा रही ग्रेविटीमैंन पाइप लाइन में इन्टरनल इपॉक्सी कोटिंग, हॉलीडेय टेस्ट तथा पाइप लाइन का हाइड्रो टेस्ट नहीं हुआ है, जिसको कि पाइप की मृदा बैक फिलिंग से पूर्व करा लिया जाए।
8. जल शोधन संयंत्र पर फर्म द्वारा स्थापित किए गये कंक्रीट बैचिंग प्लांट को अतिशीघ्र प्रारम्भ किया जाए, जिससे कि कॉक्रीटिंग का कार्य तेजी से कराया जा सके।
9. क्लीयर वाटर राइजिंगमैंन की प्रगति पर फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 850 किमी पाइप की आपूर्ति हो गई है तथा 400 किमी पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है, जिस पर निर्देश दिए गये कि पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य तेजी से कराया जाए।

उपरोक्तानुसार इंगित बिन्दुओं पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए पैकेज–1 एवं पैकेज–2 के कार्यों की प्रगति बढ़ाने हेतु फर्म को पुनः निर्देशित किया गया।

अधिशासी अभियन्ता

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मथुरा**

पत्रांक 315 / जल जीवन मिशन/ 100 दिनांक 17.4.25

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय मथुरा।
2. अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
3. मुख्य अभियन्ता(आ0क्षे0)/अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय/अधिशासी अभियन्ता (वि0यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इन्जीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. प्रोजेक्ट मैंनेजर, मै0 एन0सी0–एपको (जे0वी0) (पैकेज– I एवं II), मथुरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. डी0पी0एम0 मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर, मथुरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 (मेधज टैक्नॉ, प्रा0लि0) मथुरा।

अधिशासी अभियन्ता